तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

बरसात के पहले सड़कों में पेच रिपेयर का काम करें पूरा : बंसल
4



## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा एंड एलिमेंट्री एजुकेशन मुख्य अवसर द्वितीय वर्ष परीक्षा आज से

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड) प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष मुख्य व अवसर परीक्षा वर्ष 2026 की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 29 मई से 10 जून तक आयोजित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में संपन्न होंगी। विस्तृत समय-सारणी मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### एसपी ने थाना व चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम करही गोली कांड की गुत्थी सुलझने के बाद पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय थाना व चौकी प्रभारियों का फेरबदल किया है। जिसके तहत थाना प्रभारी शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनीडीह, अजाक, चौकी नैला, पंतोरा, पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार प्रभारी सहित 4 टीआई, 5 एसआई व 2 एएसआई अधिकारियों का तबादला कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है।

### पामगढ़ में सह पेंशनर सम्मान कार्यक्रम 31 को

**पामगढ़।** पेंशनर एवं परिवार पेंशनरों की सेवा में सक्रिय रूप से कार्यरत राष्ट्रीय संगठन भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जांजगीर चांपा द्वारा 31 मई को सुबह 11 बजे से शा महामाया उमावि पामगढ़ में पेंशनर बैठक सह पेंशनर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर पी आदित्य संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव करेंगे। विशिष्ट अतिथि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार गोल्हानी, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री टी पी सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री अरुण कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव अवध राम घृत लहरे उपस्थित रहेंगे।

### अवैध उर्वरक भण्डारण पर कृषि विभाग ने की कारवाई

# खाद दुकानों में दबिश, गड़बड़ी पाए जाने पर 52 को नोटिस, 3 की बिक्री पर लगाया बैन


हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उर्वरक केन्द्र में कार्रवाई करने पहुंचा कृषि विभाग का अमला।

जिले में किसानों को समय पर और सही गुणवत्ता की खाद उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग एक्शन मोड़ में आ गया है। जिले भर में सहकारी समितियों और निजी खाद दुकानों की लगातार जांच की जा रही है।

जिले के 102 सहकारी समितियों और 160 निजी उर्वरक बिक्री केंद्र की विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। गड़बड़ी पाए जाने पर 52 उर्वरक विक्रय केन्द्रो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं 3 उर्वरक विक्रय केन्द्रो में बिक्री प्रतिबंधित करने की कार्रवाई की गई है। कृषि विभाग की टीम किसानों तक खाद की सही तरीके से पहुंच सुनिश्चित करने के साथ-साथ कालाबाजारी और गड़बड़ी रोकने में जुट गई है।उर्वरक विक्रय केन्द्रो में जिले के नोडल अधिकारी, उर्वरक निरीक्षकों एवं मैदानी अमलों के द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। जिले के 102 सहकारी समितियों एवं 160 निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों को निरीक्षण किया गया है। जांच के दौरान कई दुकानों में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में अंतर पाया गया। कहीं स्टॉक रजिस्टर अपडेट नहीं मिला तो कहीं खाद का भंडारण रिकॉर्ड से ज्यादा पाया गया।उर्वरक विक्रय केन्द्रों में अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत 52 उर्वरक विक्रय केन्द्रो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं 3 उर्वरक विक्रय केन्द्रो की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभाग के मुताबिक राजेश ट्रेडर्स में 500 बोरी एसएसपी खाद का रिकॉर्ड नहीं मिला। इसी तरह अग्रवाल एग्रो एजेंसी में बायो पोटाश की 45 बोरी, एनपीके 5:15:0:10 की 20 बोरी और 20:20:0 की 40 बोरी स्टॉक में मौजूद मिली,लेकिन उसका कोई सही रिकॉर्ड दर्ज नहीं था। इसके अलावा अनंत ट्रेडर्स में एनपीके



14:28:0 की 34 बोरी और जिंकेटेड एसएसपी की 100 बोरी का "ओ" फॉर्म में इंद्राज नहीं पाया गया। विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए तीनों दुकानों की बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी।कृषि विभाग अधिकारियो का कहना है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और खाद वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। खाद की कालाबाजारी और अवैध भंडारण या रिकॉर्ड में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कर रहे कार्रवाई**

खाद की कालाबाजारी रोकने को लेकर कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उर्वरक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालक को नोटिस दी गई है।

-आरके शर्मा,
उपसंचालक कृषि जांजगीर चांपा

# कमाने-खाने गए दो मजदूरों की यूपी के गाजियाबाद में मौत

## काम करते वक्त मिट्टी धंसकने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा




मुक्तिधाम पहुंचा मजदूरों का शव।

दो जून की रोटी खातिर कमाने खाने उत्तरप्रदेश गए मुड़पार के दो मजदूरों की हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि जिस साइड पर वे काम कर रहे थे, वहां की मिट्टी धंसक गई। जिसमें दबने से दोनों की जान चली गई। वहां की कार्रवाई के बाद दोनों का शव गृह ग्राम पहुंचा तो सभी की आंखे नम हो गई।

समीपस्थ ग्राम मुड़पार निवासी रामजी साहू पिता तिरिथ राम साहू उम्र 40 वर्ष तथा सूरज कुमार चौहान पिता मुनीराम चौहान उम्र 24 वर्ष उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद स्थित सन सिटी कंपनी में राजमिस्त्री का काम करने गए थे। वे वहां पिछले कुछ दिनों से मजदूरी कर रहे थे। बताया जाता है कि मंगलवार 26 मई को कंपनी परिसर में बेसमेंट की खुदाई का कार्य चल रहा था। राम जी साहू और सूरज चौहान उसी खुदाई कार्य में लगे हुए थे। तभी अचानक ऊपर से भारी मात्रा में मिट्टी भरभराकर नीचे गिर गई। देखते ही देखते दोनों मजदूर मिट्टी में दब गए। वहां मौजूद अन्य मजदूर और ग्रामीण घबरा गए। आनन-फानन में लोगों ने मिट्टी हटाकर दोनों को बाहर निकालने की कोशिश की और निजी वाहनों की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने जांच उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही इस हादसे की खबर गांव और परिजनों तक पहुंची। परिजन सकते में आ गए। वहां पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई पश्चात दोनों के शवों को गृह ग्राम मुड़पार पहुंचाया गया। गुरूवार 28 मई को दोनों का शव गांव पहुंचा, जहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। गांव के मुक्तिधाम में दोनों का अंतिम संस्कार हुआ।

### उचित मुआवजा की मांग

घटना में मृत मजदूरों का शव गांव पहुंचा तो सभी की आंखें नम हो गई। परिजनों का तो रो रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि हादसे के बाद संबंधित कंपनी ने दोनों मजदूरों के परिजन को कुछ सहायतार्थ राशि दी है, लेकिन उनकी घर की स्थिति और परिवार को देखते हुए उचित मुआवजा की मांग की जा रही है।

### नहीं थम रहा पलायन का सिलसिला

जिले में मजदूरों के पलायन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते ढाई दशक से परदेश जाने वाले मजदूर हादसे का शिकार हो रहे है। बात चाहे जम्मू कश्मीर के गोलीकांड की हो या फिर लेह लद्दाख में बादल फटने की घटना। अमूमन हर साल दो साल में यहां के मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। बावजूद इसके पलायन का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

# फलों की जांच, अमानक मिले केला और आम को कराया नष्ट



फल का सेंपल लेते अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा 16 फल विक्रेता फर्मो की जांच की गई। इस बीच खराब मिलने पर 12 दर्जन केला और 35 किलो आम को नष्ट कराया गया।

ज्ञात हो कि 28 मई को अभिहित अधिकारी मोहित बेहरा के मार्गदर्शन में 16 फल विक्रेता फर्मों में जांच की गई तथा स्थल में साफ सफाई रखने, सड़े गले दाग धब्बे युक्त फल का विक्रय नहीं करने, नान एडिबल ग्लू से स्टिकर लगे फल का विक्रय नहीं करने, निर्देशित किया गया। जांच के दौरान खराब मिलने पर 12 दर्जन केला एवं 35 किग आम को नष्ट कराया गया। पूर्व में जांजगीर एवं चांपा में आम केला माल्टा सेब तरबूज का सैंपल लिया गया था, जिसे राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया हैं। सभी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन करने हेतु फर्म संचालकों को निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश पर फल दुकानों की जांच की जा रही है। इस अभियान में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नमूना सहायक उपस्थित रहे। अजीत बघेल, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित अन्य अफसर कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**पामगढ़।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 मई को नाबालिग बालिका को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना मिली। परिजनों की सूचना रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। 27 मई को मुखबिर की सूचना पर आरोपी दीपक चौहान उम्र 33 वर्ष निवासी कोरबा एसईसीएल ब्लाक थाना मानिकपुर जिला कोरबा को पकड़ा जिसको पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी के साथ नाबालिग को बहला -फुसलाकर भगा ले जाना और शादी का झांसा देकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किया गया।

# शिक्षा और एकता से ही समाज का होगा सर्वांगीण विकासः चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- नवनिर्मित अघरिया सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन



छात्रा को सम्मानित करते प्रदेश के वित्त मंत्री तथा अन्य ।

ग्राम कापन में अखिल भारतीय अघरिया समाज, क्षेत्र-जांजगीर द्वारा गुरुवार 28 मई को क्षेत्रीय सभा (बालसभा) एवं नवनिर्मित अघरिया सामुदायिक भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अघरिया सामुदायिक भवन प्रांगण कापन में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज को आगे बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर दिशा देने के लिए सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सौरभ सिंह ने कहा कि समाज के लोग संगठित होकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएं, यही समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े भी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, पूर्व महासचिव चितरंजन सिंह पटेल, जपं अकलतरा अध्यक्ष श्रीमती शकुनदेव अघरिया, जनपद पंचायत अकलतरा सभापति शंकर लाल गौतम एवं जनपद पंचायत बलौदा सभापति श्रीमती संगीता देवेंद्र गौतम सहित समाज के केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र-जांजगीर के अध्यक्ष रघुलाल सिंह कौशिक ने की। आयोजन अघरिया सामुदायिक भवन निर्माण समिति ग्राम कापन द्वारा किया गया।

# स्कूल से सामान चोरी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



स्कूल से चोरी करने वाले गिरोह के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरप्तार कर लिया है। मामला चांपा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर का है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना चांपा क्षेत्रांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर चांपा के संकुल केंद्र से चोरी करने वाले गिरोह के फरार चल रहे आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख रुपये से अधिक का चोरी का सामान बरामद किया है। व 8 अक्टूबर को स्कूल खुलने पर देखा गया कि संकुल केंद्र के कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर एलजी स्मार्ट एलईडी टीवी, क्लेम्प मीटर, डिजिटल मल्टीमीटर, प्लायर, 5 सेट एलईडी लाइट, 2 कूलर मोटर, हैमर, आयरन, पेंट, स्क्रू ड्राइवर, सर्किट बोर्ड गायब मिले। अज्ञात चोरों ने खिड़की का रॉड तोड़कर अंदर प्रवेश कर सामान चोरी कर लिया था। मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार पूर्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी यश मिरी, अभिषेक मिरी और नितेश कुर्रे निवासी बैगीन बंधान चांपा को पकड़ा। फरार चल रहे आरोपी कुनाल मिरी पिता बुधेश्वर मिरी उम्र 21 वर्ष निवासी भोजपुर बैगिन तालाब चांपा की तलाश जारी थी। जिसको मुखबिर की सूचना पर उसे उसके घर से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने दोस्तों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया। जिसे गिरप्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई

# भादा रेत धाट पर टास्क फोर्स की दबिश, चैन माउंटेन सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




चैन माउंटेन मशीन को जब्त करते अफसरों की टीम।

भादा रेत घाट पर अफसरों ने दबिश दी। इस बीच रेत के अवैध उत्खनन कार्य में लगे चेन माउंटेन मशीन को सील किया गया है। उक्त कार्वाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण एवं सख्त अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लीगल माईनिंग टॉक्स फोर्स का गठन किया गया है। इसी कड़ी में गुरूवार 28 मई को सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के नेतृव में टीम द्वारा थाना जांजगीर क्षेत्र के भादा रेत घाट में दबिश दिया जिसमें अवैध रूप से चैन माउंटेन मशीन में उत्खनन करने पाए जाने से मौके पर जिला खनिज टीम को बुलाकर मशीन को सीलबंद किया गया है। अवैध रूप से रेत उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खनिज अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### महानदी का सीना छलनी कर रहे रेत का अवैध परिवहन

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण के रेत घाटों में अवैध रूप से महानदी का सीना छलनी कर रेत का अवैध परिवहन व उत्खनन किया जा रहा है। वहीं इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में महानदी से लगातार हो रहे अवैध रेत खनन को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि रेत माफिया रात के अंधेरे और सुबह तड़के महानदी से धड़ल्ले से रेत निकाल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात 2 से 3 बजे के बीच तथा सुबह-सुबह ट्रैक्टर और भारी वाहनों के माध्यम से नदी से अवैध रूप से रेत निकाली जाती है। लगातार हो रहे इस खनन से महानदी का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और नदी का सीना छलनी होता दिखाई दे रहा है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि रेत माफियाओं को संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण खुलेआम अवैध खनन जारी है। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।



खबर संक्षेप

## निगम के चार इंजीनियरों को मिला पदोन्नति का तोहफा

**कोरबा।** नगर निगम के एक कार्यपालन अभियंता, 2 सहायक अभियंता और एक उप अभियंता को पदोन्नत किया गया है। कार्यपालन अभियंता भूषणराम उरांव को पदोन्नत कर अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। इसी तरह सहायक अभियंता अली बख्श और नवनीत कांत नाथ को कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके अलावा उपअभियंता गोयल सिंह विमल को सहायक अभियंता के पद पद पदोन्नत किया गया है।

## सवारी ऑटो में सामानों का परिवहन, रोक लगाने की मांग

**कोरबा।** सवारी ऑटो में सामानों के परिवहन



किए जाने को लेकर जिला मालवाहक ऑटो चालक कल्याण संघ ने इस पर रोक लगाने के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें संघ ने कार्यवाही ना होने की स्थिति पर एक दिवसीय हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। परिवहन अधिकारी को सौंपे ज्ञापन पत्र में जिला माल वाहक ऑटो संघ ने लिखा है कि 19 मई को ज्ञापन देकर सवारी ऑटो में सामग्रियों के परिवहन किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई थी। किंतु आज एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी इस दिशा में किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। संघ का कहना है कि अगर इस पर कार्यवाही नहीं होती है तो एक दिवसीय हड़ताल पर जाने विवश होंगे।

## राज्य स्तरीय कैरियर गाइडेंस व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 31 को

**हरदीबाजार।** ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ एआईबीएसएस व बंजारा समाज द्वारा राज्य स्तरीय कैरियर गाइडेंस व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 31 मई को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में सुबह 10 बजे किया जाएगा। जिसमें समाज के समस्त अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके अलावा शैक्षिक जागरूकता, सटीक कैरियर मार्गदर्शन, मेधावी छात्रों का हौसला बढ़ाना, ड्रॉप आउट दर को कम करना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सरल बनाना, सरकारी योजना का लाभ लेना, सामाजिक एकता व समरसता बनाए रखना, विशेषज्ञों से सीधा संवाद कौशल विकास के साथ आर्थिक मदद की राह प्राप्त करना उद्देश्य है। राजेन्द्र नायक ने बताया कि यह मार्गदर्शन मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान वरिष्ठ आईएएस,आईपीएस, डिप्टी कलेक्टर व अधिकारियों के द्वारा वर्तमान में 10वीं 12वीं, कॉलेज व प्रतियोगी परीक्षा में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## वेतन पर्ची सहित अन्य मांगों को लेकर 30 को हड़ताल पर रहेंगे



**कोरबा।** एसईसीएल दीपका खदान में नियोजित निजी कंपनियों में कार्यरत ठेका श्रमिकों ने वेतन पर्ची, हाजरी चोरी सहित अन्य मांगों को लेकर 30 मई से अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी है। ठेका श्रमिकों ने कहा है कि मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन के दौरान कन्वेयर बेल्ट लाइन को पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र में कार्यरत छत्तीसगढ़ कोयला मजदूर सेवा समिति दीपका और स्थानीय मजदूरों ने ठेका कंपनी और प्रबंधन के खिलाफ अपनी समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। मजदूरों ने आरोप लगाया है कि ठेका कंपनी द्वारा उनका लगातार शोषण किया जा रहा है जिससे तंग आकर वे 30 मई से दीपका खदान की कन्वेयर बेल्ट लाइन को पूरी तरह ठप्प कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं।

# मड़वारानी स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन कमीशनिंग कार्य से रेल परिचालन होगा सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल द्वारा यात्रियों को संरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु अधोसंरचना विकास के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चांपा-गेवरारोड सेक्शन के मध्य स्थित मड़वारानी स्टेशन पर अप एवं डाउन अतिरिक्त लूप लाइन की कमीशनिंग का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

कमीशनिंग कार्य के अंतर्गत स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई है। इसके साथ ही यार्ड रीमॉडलिंग, अतिरिक्त लूप लाइन, सिग्नलिंग एवं सुरक्षा उपकरणों का उन्नयन किया गया। इस कार्य में आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत सुरक्षा मानकों का उपयोग सुनिश्चित किया गया है। मड़वारानी स्टेशन पर किए गए प्रमुख कार्यों में 18

सामान्य परिस्थितियों में भी गाड़ियों को किया जा सकता है रद्द

खास बातें

- आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत सुरक्षा मानकों का किया गया है उपयोग
- संचालन में आएगी सुगमता




पॉइंट्स, 39 रूट, 11 मेन सिग्नल, 2 कॉलिंग-ऑन सिग्नल, 9 शंट सिग्नल, 6 लाइनें, 43 डीसी ट्रैक सर्किट, 6 ए-मार्कर, 2 एजी-मार्कर तथा एमएसडीएसी आधारित आधुनिक ट्रैक सेक्शन एवं ऑटो सेक्शन की स्थापना शामिल है। अतिरिक्त लूप लाइन कमीशनिंग के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्य भी एक साथ पूरे किए गए, जिन्हें सामान्य परिस्थितियों में अलग-अलग ब्लॉक लेकर तथा गाड़ियों को रद्द कर ही किया जा सकता था। विशेष बात यह रही कि इन सभी कार्यों को बेहतर योजना, समन्वय एवं प्रबंधन के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त गाड़ी को प्रभावित किए सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इससे यात्रियों की सुविधा एवं निर्बाध रेल सेवा सुनिश्चित की गई। इन कार्यों से ट्रैक संरक्षा, विश्वसनीयता एवं परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा। साथ ही भविष्य में ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारु संचालन को और मजबूती मिलेगी। अतिरिक्त लूप लाइन उपलब्ध होने से ट्रेनों की क्रॉसिंग एवं परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे गाड़ियों की समयबद्धता में सुधार के साथ-साथ माल एवं यात्री ट्रेनों के संचालन में भी सुगमता आएगी।

कार्यालय कक्षों की स्वच्छता और व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

# महापौर ने किया निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने साकेत भवन में विभिन्न विभागों व शाखाओं का औचक निरीक्षण करते हुये वहां की स्वच्छता व साफ-सफाई, नस्तियों, दस्तावेजों का व्यवस्थीकरण सुनिश्चित किये जाने के साथ-साथ विभिन्न विभागों व शाखाओं में आवश्कतानुसार फर्नीचर, कूलर आदि की व्यवस्था तथा विभिन्न कार्यों हेतु निगम कार्यालय पहुंचने वाले आमनागरिकों के बैठने की व्यवस्था भी विभागों व शाखाओं में किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को शो-काज नोटिस दिये जाने के निर्देश भी दिये।

महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम कार्यालय साकेत भवन स्थित विभिन्न विभागों, शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने निर्माण शाखा, स्थापना शाखा, लेखा शाखा, राजस्व, योजना, भवन निर्माण, संपदा, सम्पत्तिकर शाखा, स्वच्छता शाखा, जलकर विभाग, स्टेशनरी शाखा, जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग, कैश शाखा, विधि विभाग, जनसंपर्क शाखा, स्टोर व



कार्यालय का निरीक्षण करती महापौर संजूदेवी राजपूत।

उद्यान शाखा, विद्युत विभाग, डाटा सेंटर, परिषद शाखा सहित अपर आयुक्त कक्ष, उपायुक्त कक्ष, अधीक्षण अभियंता कक्ष सहित विभिन्न अधिकारियों के कक्षों का औचक निरीक्षण करते हुये वहां की साफ-सफाई व स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि वे कार्य स्थल पर जिस स्थान में बैठकर अपना कार्य करते हैं, वहां की स्वच्छता व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, उन्होने कहा कि आप सब शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिये काम कर रहे हैं, तो जिस स्थान पर बैठकर आप काम करते हैं, वहां की स्वच्छता व साफ-सफाई भी आपकी उच्च प्राथमिकता होनी चाहिये। उन्होने कहा कि कार्यालय में नस्ती, दस्तावेजों का व्यवस्थित रूप से संधारण करें, इससे कार्य करने में आपको ही आसानी होगी तथा जरूरत के वक्त संबंधित नस्ती व दस्तावेज आप आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। विभिन्न शाखाओं व विभागों का निरीक्षण करते हुये महापौर श्रीमती राजपूत ने विभिन्न कक्षों में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य किये जाने के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों को कार्य हेतु उचित वातावरण उपलब्ध कराने के मद्देनजर आवश्यकतानुसार कूलर आदि की व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये, वे अनेक विभागों में फर्नीचर की आवश्यकता को देखते हुये महापौर श्रीमती राजपूत ने कुर्सी, टेबल व अन्य फर्नीचर की उचित व्यवस्था करने को कहा।

### आमजन के बैठने की भी व्यवस्था

महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि आमनागरिकगण अपने विभिन्न कार्यों के संबंध में निगम कार्यालय साकेत भवन पहुंचते हैं, अतः निगम कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों को संबंधित विभागों व शाखाओं में बैठने के लिये व्यवस्था की जाए, नागरिकों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए तथा वे जिस कार्य या समस्या को लेकर आपके पास आयें हैं, उनका संतुष्टिपूर्ण समाधान भी सुनिश्चित किया जाए।

# पाली में चमगादड़ों की मृत्यु का कारण बीमारी नहीं बल्कि अत्यधिक गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के नगर पंचायत पाली क्षेत्र स्थित नौकोनिया तालाब के समीप प्रवासी चमगादड़ों की मृत्यु को लेकर सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों पर प्रसारित हो रही भ्रामक व चिंताजनक खबरों का जिला प्रशासन और पशुधन विकास विभाग ने कड़ा खंडन किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की महामारी या संक्रामक बीमारी फैलने की अफवाहें पूरी तरह निराधार हैं।

पशुधन विकास विभाग द्वारा जारी आधिकारिक प्रतिवेदन के अनुसार विगत तीन दिनों के दौरान क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लगभग 200 चमगादड़ों की मृत्यु हुई है। मृत चमगादड़ों के किए गए प्रारंभिक शव परीक्षण में प्रथम दृष्टया अत्यधिक तापमान को ही मृत्यु का मुख्य कारण माना गया है। किसी भी अज्ञात वायरस या संक्रमण के लक्षण नहीं पाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने



वस्तुस्थिति स्पष्ट की है कि घटना की सूचना मिलते ही पशुधन विकास विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर मोर्चा संभाल लिया था। सभी मृत चमगादड़ों को सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विधिवत दफनाया जा चुका है, जिससे संक्रमण का कोई खतरा नहीं है। विस्तृत और वैज्ञानिक पुष्टि के लिए आवश्यक नमूने एकत्र कर वन विभाग के माध्यम से फॉरेंसिक लैब भेजे गए हैं। वर्तमान में चमगादड़ों की मृत्यु दर में भारी कमी आई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। वन अमला और पशु चिकित्सा दल लगातार क्षेत्र में मुस्तैद हैं। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें साझा कर डर का माहौल पैदा करें। स्थिति पूरी तरह सामान्य है। जिला प्रशासन ने स्थानीय जनता से अपील की है कि यदि क्षेत्र में किसी भी वन्यजीव की असामान्य गतिविधि या मृत्यु दिखाई देती है, तो उसकी सूचना तुरंत सीधे नियंत्रण कक्ष या संबंधित विभाग को दें, ताकि त्वरित वैज्ञानिक कार्रवाई की जा सके।

* **कोरबा।** पुरानी बस्ती में पुराने विवाद को लेकर हत्या का प्रयास किये जाने के मामले में दोष सिद्ध पाये जाने पर न्यायालय ने आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है। शासकीय अभिभाषक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल 2025 को रात्रि करीब 9:30 बजे प्रार्थी विशाल साहू सामान लेने बाहर जा रहा था। जब वह चित्रा टॉकीज के पास पहुँचा, उसी समय आरोपी कृष गोलू उसके पास आकर पुरानी रंजिश को लेकर माँ बहन की अश्लील गॉली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुये उसके साथ हाथ-मुक्के से मारपीट किया।

## 33 केव व 11 केवी लाइन में गिरा महुआ पेड़



बरपाली। भीषण गर्मी में आये दिन विद्युत विभाग मेंटेनेंस के नाम पर लाइट गोल करती है लेकिन पहली आंधी और बारिश में ही विभाग की पोल खुल गयी एक महुआ का विशाल पेड़ 33 केवी और 11 केवी लाइन के ऊपर गिर गया जिससे तार टूट गया और शासकीय विद्यालय बरपाली का बाउंड्री वाल क्षतिग्रस्त हो गया। लोग परेशान हैं।

## अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग की फिर बड़ी कार्रवाई, पोकलेन व हाईवा जब्त



जब्त पोकलेन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग को 26 मई को ग्राम पंचायत जोगीपाली, तहसील बरपाली से रेत खदान क्षेत्र में

खास बात

- मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपाली का

जेसीबी, हाईवा एवं अन्य भारी मशीनों के माध्यम से अवैध रेत उत्खनन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और निरीक्षण एवं जांच कार्यवाही की। जांच के दौरान जोगीपाली क्षेत्र में संचालित रेत उत्खनन कार्य, मशीनों एवं संबंधित गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया, जिसमें अवैध रूप से रेत उत्खनन किए जाने के तथ्य सामने आए। कार्यवाही के दौरान मौके से अवैध उत्खनन में प्रयुक्त 1 चैन माउंटेन मशीन (पोकलेन) एवं 1 हाईवा वाहन को जब्त किया गया। जप्त वाहनों एवं मशीनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमों तथा प्रचलित वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित संचालकों एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कटघोरा में बदहाल विद्युत व्यवस्था पर नगर पालिका अध्यक्ष सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा क्षेत्र में लगातार बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित (कटघोरा, कोरबा) को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने शहर की बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर तीन दिवस के भीतर सुधार करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि कटघोरा नगर क्षेत्र में प्रतिदिन अधिकांश समय बिजली आपूर्ति बंद रहने से आम नागरिकों को भीषण गर्मी के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बाधित होने के कारण नगर की

खास बात

- 3 दिन में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

जलप्रदाय व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है, जिससे पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही अत्यधिक गर्मी और बिजली कटौती के चलते नागरिकों के बीमार पड़ने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर के अधिकांश वार्डों को शहरी फीडर के बजाय ग्रामीण फीडर से जोड़े जाने के कारण लंबे समय तक बिजली बंद रहती है, जिससे शहरी क्षेत्र के लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कार्यपालन अभियंता को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि तीन दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं की गई, तो शहर कांग्रेस कमेटी कटघोरा द्वारा विद्युत विभाग कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर चक्का जाम आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## युवक की पिटाई, शिकायत के बाद मामला दर्ज

**कोरबा।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी मुख्य मार्ग चौक पर शुक्रवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब 10 से 15 युवकों ने मिलकर रोशन शर्मा नामक युवक पर सरेआम हमला कर दिया। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। कुछ लोगों ने मारपीट की घटना का वीडियो भी बना लिये थे। घटना के परिजनों ने मामले की शिकायत थाना कोतवाली में किये जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मामले में आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल सभी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान स्पष्ट हो सके।

जांजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामानों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

गांव-गांव में नदी, तालाब और जल स्रोतों की हुई पूजा

# एकल अभियान ने श्रद्धा और जनजागरण के साथ मनाया नदी पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एकल अभियान सुदूर वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नदी पूजन दिवस अत्यंत श्रद्धा, आस्था और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम न केवल धार्मिक आयोजन का रूप ही नहीं रहा, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का मजबूत संदेश भी पूरे वनांचल क्षेत्र में पहुंचाया।

एकल अभियान के गतिविधि विभाग के मार्गदर्शन में संचालित इस विशेष अभियान के अंतर्गत एकल विद्यालयों से जुड़े विभिन्न ग्रामों में नदी, तालाब, कुएं, हैंडपंप, बोर एवं अन्य जल स्रोतों का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्यों द्वारा गांवों में दीवार लेखन कर जल-जंगल-



जमीन बचाओ जैसे प्रेरणादायी संदेशों से की गई, जिसने ग्रामीणों के भीतर पर्यावरण संरक्षण को लेकर नई चेतना जगाई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे अपने गांवों के नदी-तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों की रक्षा करेंगे, जल की बर्बादी रोकेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण छोड़ने में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि नदी पूजन दिवस केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नदियों को माता का स्वरूप माना गया है और जल स्रोत सदियों से ग्राम जीवन की आत्मा रहे हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में बढ़ते जल संकट, पर्यावरण प्रदूषण और जल स्रोतों के लगातार घटते स्तर को देखते हुए समाज को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि आज जल संरक्षण को लेकर गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक/28/तह./वा./26
शि.ना., दिनांक 22.05.2026
प्र.क्र. /स-132/2026
ग्राम-तुसमा प.ह.नं.07

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक जोगीराम पिता लखनलाल जाति गोंड निवासी तुसमा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके भैया शंकर पिता लखनलाल की मृत्यु दिनांक-12.05.2013 को ग्राम तुसमा में हुआ पर भूलवश मृत्यू पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यू पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08.06.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक / / तह./वा./26
शि.ना., दिनांक 22.05.2026
प्र.क्र. / स-132/2026
ग्राम-तुसमा प.ह.नं.07

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक जोगीराम पिता लखनलाल जाति गोंड निवासी तुसमा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके माता कलाबाई की मृत्यु दिनांक-26.06.2013 को ग्राम तुसमा में हुआ पर भूलवश मृत्यू पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यू पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08.06.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ



# जिम-नसीरुद्दीन की मेड इन इंडिया का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मेड इन इंडिया- ए टाइटन स्टोरी' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। यह काफी दिलचस्प है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस तरह 'टाइटन' देश का बड़ा ब्रांड और फिर पहचान बन गया। घड़ी के बहाने सीरीज में भारत के उदारीकरण से पहले के समय को दिखाया गया है। सीरीज में नसीरुद्दीन शाह और जिम सर्भ लीड रोल में हैं। सीरीज 'मेड इन इंडिया' में नसीरुद्दीन शाह को जेआरडी टाटा के किरदार में दिखाया गया है। वहीं, जिम सर्भ जेरक्सेस देसाई का किरदार निभाते नजर आएंगे। आज रिलीज हुए ट्रेलर में विजन और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून साफ नजर आया है। घड़ी के ब्रांड के बूते ग्लोबल मैप पर भारत की पहचान बनाना इतना आसान नहीं था।

लाइफ Style



# जैकलीन

## सिट्रीन टेरेन गाउन में स्टनिंग लुक आया सामने

कान फिल्म फेस्टिवलअब खत्म हो चुका है। वहीं अब फ्रेंच रिवेरा से जैकलीन फर्नांडिस का एक नया लुक सामने आया है, जो किसी के भी होश उड़ा देगा। इंडियन फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के स्टाइलिश गाउन में जैकलीन फर्नांडिस का एक नया लुक सामने आया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस नए लुक में जैकलीन ने फ्रेंच रिवेरा के सामने कई सिजलिंग पोज दिए हैं, जो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इसके साथ ही जैकलीन की कुछ तस्वीरें फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। जैकलीन की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। जैकलीन फर्नांडिस के लुक की बात करें तो उन्होंने जो गाउन पहना है, उस पर बारीक धागों की कढ़ाई, क्रिस्टल, मोती और सितारे (सीक्वेंस) जड़े हैं। यह गाउन सिट्रीन (सुनहले) पत्थर की तरह चमकता है। राहुल मिश्रा ने बताया कि यह उनके स्प्रिंग 2026 कॉउचर कलेक्शन 'एल्केमी' का हिस्सा है, जिसका नाम 'सिट्रीन टेरेन' गाउन है। यह डिजाइन धरती के तत्वों और प्रकृति से प्रेरित है। जैकलीन के इस लुक की स्टाइलिंग नमिता अलेक्जेंडर ने की है। वहीं जैकलीन का सटल मेकअप और हेयर शान मु ने किया है। जैकलीन का ये लुक उनके फैंस लाल दिल और फायर इमोजी बना रहे हैं। जैकलीन फर्नांडिस 2006 की मिस यूनिवर्स श्रीलंका विजेता हैं। श्रीलंकाई, कनाडाई और मलेशियाई मूल के परिवार में जन्मीं जैकलिन ने सिडनी विश्वविद्यालय से जनसंचार में डिग्री हासिल की है।

## हॉलीवुड मसाला



# जल्द ही रिलीज होगी ही-मैन

**नई दिल्ली।** जून का पहला हफ्ता मनोरंजन के लिहाज से काफी अहम होने वाला है। भारतीय सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक सिनेमाघरों में लेटेस्ट रिलीज की बहार देखने को मिलेगी। मोस्ट अवेटेड सुपरहीरो मूवी ही-मैन का निर्माण मास्टर ऑफ द यूनिवर्स के बैनर तले हुआ है। 5 जून को इस अंग्रेजी फिल्म को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। भारत में भी ये फिल्म हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में फैंस को एंटरटेन करती हुई दिखेगी।



# नोलन को सम्मान देगा टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

**लॉस एंजिल्स।** टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने हाल ही में 'क्रिस्टोफर नोलनः ग्रांड डिजाइंस' प्रोग्राम की घोषणा की है। इसके तहत जल्द ही परदे पर नोलन का सुनहरा फिल्मी अतीत दिखाया जाएगा। यह फेस्टिवल 9 जुलाई से शुरू होगा और 20 अगस्त तक चलेगा। जुलाई-अगस्त में होने वाले इस फेस्टिवल में फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन की लगभग 12 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन फिल्मों में 'ओपेनहाइमर' से लेकर 'डंकिर्क' और 'टेनेट' से लेकर 'इंटरस्टेलर' जैसी मशहूर फिल्में दिखाई जाएंगी। इस ग्रांड डिजाइंस कार्यक्रम की शुरुआत 9 जुलाई को फिल्म 'टेनेट' से होगी और 20 अगस्त को डंकिर्क के प्रदर्शन के साथ इसका समापन किया जाएगा। इस प्रोग्राम में नोलन की द राइट स्टफ, द प्रेस्टीज, मेमेंटो, इंसेप्शन, बिगिन्स, द डार्क नाइट और द डार्क नाइट राइज समेत कई फिल्में दिखाई जाएंगी।



# कैरेक्टर एक्टर्स के बजट में होती है कटौती

**नई दिल्ली।** ससुराल गेंदा फूल फेम अभिनेत्री अनीता कंवल का कहना है कि बड़े सितारों की मांगे अक्सर फिल्म के बजट पर असर डालती हैं। कई बार बड़े बजट की फिल्मों में भी ऐसा देखने को मिलता है कि स्टार्स की अच्छी-खासी फीस और वैनिटी वैन सहित अन्य मांगों के चलते जूनियर कलाकारों की फीस पर कैंची चलती है। उन्होंने कहा कि बड़े बजट की फिल्मों के मुख्य कलाकार इतनी ज्यादा फीस लेते हैं कि 250 करोड़ रुपए की फिल्म में भी कैरेक्टर एक्टर्स को अपनी फीस में कटौती करनी पड़ती है। अनीता कंवल को बनेगी अपनी बात और 'सोनपरी' जैसे चर्चित शो में देखा गया है। हाल ही में सिद्धार्थ कनन के साथ एख इंटरव्यू में उन्होंने इंडस्ट्री को लेकर चौंकाने वाली बातें कहीं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि बड़े कलाकार बहुत ज्यादा फीस लेते हैं।



# शॉर्ट फिल्म बना रहीं पति होंगे एक्टर

**मुंबई।** एक्ट्रेस रेणुका शहाणे और आशुतोष राणा ने हाल ही में अपनी शादी की 25वीं सालगिरह बड़े धूमधाम से मनाई। इस खास मौके पर दोनों काफी खुश हैं, लेकिन इस साल उनके पास खुश होने की एक और वजह भी है। अब ये जोड़ी एक नए रोल में साथ काम करने जा रही है- एक्टर और डायरेक्टर के तौर पर। एक इंटरव्यू में रेणुका शाहाने ने बताया कि वह इस साल पहली बार अपने पति आशुतोष राणा को एक शॉर्ट फिल्म में डायरेक्ट कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'डायरेक्शन करते समय हमेशा थोड़ी घबराहट होती है, लेकिन इस बार यह और खास है क्योंकि फिल्म में राणा जी मुख्य भूमिका में हैं। पहली बार वो कैमरे के सामने हैं और मैं उसके पीछे हूं, और ये किसी भी तरफ जा सकता है। ये एक बड़ा रिस्क है, क्योंकि जरूरी नहीं कि आप अच्छे पार्टनर हैं तो स्क्रीन पर भी वही केमिस्ट्री दिखे।

## टीवी मसाला



# दूरदर्शन का शो, 11 साल चला और तोड़ा रामायण का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** रामायण और महाभारत को तो हर कोई जानता है। इन दोनों शोज को लोगों ने बड़ी संख्या में देखा और रिकॉर्ड सेट किया। लेकिन, दूरदर्शन पर एक ऐसा भी शो आता था, जिसने इन शोज का भी रिकॉर्ड तोड़ा और बड़ी टीआरपी हासिल की। इस सबसे लंबे समय तक चलने वाले कल्चरल प्रोग्राम को भारतीय टेलीविजन के इतिहास में दर्शकों से गजब का रिस्पॉन्स मिला। 'सुरभि', 1993 का एक कल्चरल प्रोग्राम था जिसने भारत की विरासत को नया आयाम दिया और बहुत जल्द ही इसने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर ली। इसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे ने होस्ट किया था और इसमें उभरते कलाकारों ने हिस्सा लिया था। इस शो की लोकप्रियता बहुत अधिक थी, 1993 में इसे हर सप्ताह 14 लाख से अधिक चिट्ठियां मिलती थीं, जिसके कारण इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह मिली। दर्शकों की प्रतिक्रिया इतनी जबरदस्त थी कि डाकघर में चिट्ठियां रखने की जगह ही नहीं बची। दरअसल, शो की टीम को चिट्ठियों की टीम तक पहुंचाने के लिए एक टेम्पो (घोड़ागाड़ी) किराए पर लेनी पड़ी। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाला शो (11 साल) बन गया, और भारत की कला और शिल्प से लेकर सांस्कृतिक विविधता तक सब कुछ दिखाने के लिए लोकप्रिय था। बाकी शोज के एंकरों से हटकर, सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे फर्श पर बैठकर इसे होस्ट करते थे, जिसने उन्हें पूरे भारत में घर-घर में मशहूर कर दिया।

## एक्टर को हनुमान की भक्ति से मिला शो

**नई दिल्ली।** एक्टर गौतम रोडे ने अपनी जिंदगी में आए मुश्किल दौर की कहानी सुनाई और बताया कि 'मेरे घर के पास काला हनुमान मंदिर है।



उन्होंने कहा- मैंने हनुमान जी का 40 दिन का चलिया भी रखा, आप यकीन नहीं करेंगे 41वें दिन मुझे इंडियाज गॉट टैलेंट का ऑफर मिला। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगह में कई ऐसे एक्टर्स हैं जो पूजा-पाठ और ईश्वर में अपार श्रद्धा रखते हैं। इनमें से कोई शिव भक्त हैं तो कोई राम भक्त। बा बहू और बेबी, लकी, सरस्वतीचंद्र, काल भैरव जैसे शोज में नजर आने वाले टीवी एक्टर गौतम ने बताया है कि वो हनुमान और शिवजी के भक्त हैं और जीवन के मुश्किल वक्त में हनुमान की भक्ति ने उन्हें राह दिखाई। उन्होंने बताया कि एक वक्त ऐसा आया जो मुश्किल भरा फेज था। उन्होंने कहा, 'मुझे करीब 2 साल तक काम नहीं मिला, मुझे लगता है कि मैं फंस गया था। मैं छोटा-मोटा काम कर रहा था। लेकिन कुछ भी नहीं चल रहा था।' मैंने हनुमान जी का 40 दिन का चलिया भी रखा, आप यकीन नहीं करेंगे 41वें दिन मुझे इंडियाज गॉट टैलेंट का ऑफर मिला।

# केदारनाथ के बाद बद्रीनाथ पहुंचे तिलक लगाए फोटो की शेयर

**मुंबई।** गायक कैलाश खेर केदारनाथ के बाद अब बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर गए हैं। अपनी आध्यात्मिक यात्रा की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वे बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच नजर आ रहे हैं। उन्होंने गले में रुद्राक्ष की माला पहनी है और माथे पर चंदन का तिलक लगाया हुआ है। कैलाश खेर की इस धर्मिक यात्रो को लेकर उनके फैंस बेहद खुश हैं। इससे पहले इसी महीने कैलाश खेर ने केदारनाथ मंदिर के दर्शन किए थे। वहां उन्होंने बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच खड़े होकर अपना प्रसिद्ध भजन 'बम लहरी' भी गाया, जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'महादेव का धाम, पूरन सारे काम। जय जय केदारा।' केदारनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यह भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में से 11वां है। वहीं, बद्रीनाथ मंदिर भगवान विष्णु का धाम है। ये दोनों पवित्र मंदिर उत्तराखंड के पहाड़ों में स्थित हैं। काम की बात करें तो कैलाश खेर का नया गाना 'जोगी' रिलीज हुआ है। यह गाना संत आदि शंकराचार्य को एक संगीतमय श्रद्धांजलि है, जिसमें उनके जीवन और पवित्र मठों की स्थापना की कहानी दिखाई गई है। 'जोगी' गाने को लेकर कैलाश खेर ने कहा, 'यह गाना मेरे लिए सिर्फ एक संगीत नहीं, बल्कि एक आंतरिक यात्रा है। आदि शंकराचार्य की सोच हमें याद दिलाती है कि सच्चा धर्म हमेशा जीवित रहता है।' कैलाश खेर भारतीय संगीत जगत के एक प्रमुख सूफी और पॉप-रॉक गायक हैं। उनकी अनूठी, रूहानी और बुलंद आवाज ने उन्हें देश-विदेश में अपार लोकप्रियता दिलाई है। कैलाश खेर के सबसे लोकप्रिय गानों में तेरी दीवानी, अल्लाह के बंदे, सैयां और चांद सिफारिश जैसे कई बेहतरीन गाने शामिल हैं।



# 60 सालों से रफी के इस गाने को माना जाता है अभिशाप, किसने दी आशा को बद्दुआ?

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसे गानों की लिस्ट भरी पड़ी है जिसे लोग अपने मूड, फीलिंग्स और इजहार करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। चाहे वो लव एट फर्स्ट साइट हो, दिल टूटने का दर्द हो, या फिर जिंदगी का जश्न हमारे पास हर मौके के लिए एक परफेक्ट 'प्लेलिस्ट' तैयार रहती है। जिन चीजों को कई बार शब्दों के जरिए बयां कर पाना मुश्किल होता है उसके लिए गाने खूबसूरत काम करते हैं। लेकिन, क्या आप कभी सोच सकते हैं कि फिल्म के किस गाने को बद्दुआ के तौर पर भी इस्तेमाल किया गया होगा?

### गाने को बद्दुआ के तौर पर करते हैं इस्तेमाल

शायद नहीं तो चलिए आज हम आपको एक ऐसे ही गाने के बारे में बताने वाले हैं जिसका इस्तेमाल इस तरह किया जाता है जैसे किसी को कोई बद्दुआ दी जा रही हो। हम बात कर रहे हैं 1966 में आई फिल्म 'आए दिन बहार के' (की जिसमें धर्मेंद्र आशा पारेख, बलराज साहनी, राज मेहता और सुलोचना लतकर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के गाने मेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसे की एक-एक लाइन अगर आप ध्यान से सुनेंगे तो आपको समझ आएगा कि इसके बोल कुछ इसी तरह लिखे गए हैं। सुनकर समझ आता है जैसे गाने वाले के दिल में कितनी नफरत भरी है। गाने के बोल आनंद बक्शी ने लिखे हैं।



### तू फूल बने पतझड़ का...

इस फिल्म के गाने को अभिशाप के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। तू फूल बने पतझड़ का, तुझ पे बहार न आए कभी... मेरी ही तरह तू तड़पे तुझको करार न आए कभी...जिये तू इस तरह की जिंदगी को तरसे सुनकर ही लग रहा है कि गाने वाले के दिल में कितना दुख भरा हुआ है। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी है। मोहम्मद रफी की आवाज में वैसे ही वो जादू था जो सीधे दिल में उतर जाती थी।

## रेडियो के जरिए घर-घर में उठी विरह की टीस

# 200 साल पुराना गीत, जो तवायफ की नाकाम मोहब्बत का दर्द करता है बयां

*नई दिल्ली। गीत-संगीत सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं होते हैं, हर गीत एक कहानी बयां करती है। गीत के हर बोल के पीछे दिल का हाल छुपा होता है। 200 साल पहले एक ऐसा ही लोकगीत बना था जिसमें विरह की टीस थी। इस गीत के पीछे एक इतिहास था जिसे अलग-अलग अंदाज में पेश किया गया। कभी युद्ध में भेजे जाने वाले पतियों की बीवियों के दर्द के रूप में तो कभी तवायफों की नाकाम मोहब्बत के रूप में। इस आर्टिकल में हम उस गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे 200 साल बाद फिर से नए अंदाज में जिंदा कर दिया गया है।*



### कचौड़ी गली सून कैला बलमू

यह गीत है 'कचौड़ी गली सून कैला बलमू', जिसे हाल ही में कोक स्टूडियो भारत ने जारी किया है और यह आते ही छा गया है। हालांकि, इस भोजपुरी लोकगीत का इतिहास 200 साल पुराना है।

### लोक दादरा शैली की कजरी गीत

'कचौड़ी गली' गीत बनारस क्षेत्र की लोक दादरा शैली की कजरी गीत है। इस गीत का कनेक्शन 1824-1826 के दौर में जबरन एंग्लो-बर्मी युद्ध में भेजे गए मजदूरों, सैनिकों और आम पुरुषों से जोड़ा जाता है। ज्यादातर पूर्वांचल से लोगों को युद्ध में भेजा गया जिनमें से कई लोग कभी वापस नहीं आए। पतियों की आस में बैठीं पत्नियों के दर्द से इस लोकगीत का निर्माण हुआ।

### प्रतिरोध की आवाज बन गई यह गीत

*कहा जाता है कि इस लोकगीत का कनेक्शन बनारस की तवायफों से भी जुड़ा है। इस गीत में संगीत की संरक्षक माने जाने वालीं तवायफ की नाकाम मोहब्बत का दर्द भी छुपा था। इतना ही नहीं, तवायफ ने इस गीत को प्रतिरोध में भी गाया। इतिहासकारों के मुताबिक, तवायफों ने देश की आजादी के लिए आवाज उठाई। अपने काम के पैसे आंदोलन में लगाया। क्रांतिकारियों को पनाह भी दी गई और जब वो प्रेमी अंग्रेजों के द्वारा पकड़ कर ले जाए थे तो यह गीत प्रतिरोध की आवाज बन गई।*

### नए वर्जन ने मचाया धमाल

*समय के साथ गीत को घर-घर में पहुंचाया गया और इसका सबसे बड़ा योगदान रसूलन बाई, बड़ी मोतीबाई और सिद्धेश्वरी देवी को जाता है। उन्होंने ग्रामोफोन और रेडियो के जरिए इस गीत को घर-घर में पहचान दिलाई। इस गीत को बाद में भोजपुरी गायिकाओं मालिनी अवस्थी और मैथली ठाकुर ने भी गाया। आज भले ही यह गीत ज्यादा सुना न गया हो, लेकिन इसके नए वर्जन ने हर ओर गर्दा उड़ा दिया है।*

## खबर संक्षेप

### शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान 252 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**अकलतरा।** वेलविशर फाउंडेशन एवं अनुराग मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय अनुराग सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बिलासा ब्लड बैंक के पारिजात दुबे एवं नितेश ताम्रकार ने बताया कि रक्तदान शिविर में 60 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया गया। आयुष विभाग के ब्लॉक प्रमुख डॉ शैलेश चौहान ने बताया कि आयोजित निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर में 252 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। मुख्य अतिथि महंत आश्रम के मुखिया सीताराम महराज ने अपने संबोधन में कहा कि रक्त की कमी के चलते देश में हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। कार्यक्रम को रुद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत नरेगा के सीएमओ आरपी नेम एवं वेलवेटुरे फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र साहू ने किया, एवं आभार प्रदर्शन दीपक साहू ने किया।

### शिकसा का मया पिरीत जोड़े रखता है-डीईओ द्विवेदी

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों के संरक्षण, संवर्धन व जीवन्त बनाये रखने के लिए मया पिरीत के गीत छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति का आयोजन डॉ. श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी सक्ति के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। सरस्वती वंदना डॉ.श्रीमती चमेली साहू व्याख्याता,राजगीत सुश्री कान्ति यादव सेवा निवृत्त प्राचार्य ने प्रस्तुत किया। शिक्षक कला व साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम प्रशंसनीय है मया पिरीत के गीत जोड़कर रखने का कार्य करती है,छत्तीसगढ़ के मिट्टी की सोंधी महक गीतों के माध्यम से प्रस्तुति मनमोहक है, मया प्रीत के गीत ऐसे ही गूंजते रहे। शिकसा द्वारा निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन होते रहता है,जिसमें संयोजक सहित सभी पदाधिकारियों की मेहनत तारीफ योग्य है।

## निधन

### शिवशंकर तिवारी



**जांजगीर-चांपा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त शिव शंकर तिवारी का 21 मई को निधन हो गया। सामाजिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय रानी तालाब मुक्तिधाम में किया गया। वे देवाशीष तिवारी एवं शुभाशीष तिवारी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने ली अफसरों की क्लास

# बरसात के पहले सड़कों में पेच रिपेयर का काम करें पूरा : बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोक निर्माण विभाग के सचि ने सड़कों और भवनों की कार्यो की समीक्षा की। इस बीच बरसात के पहले सड़को के पेच रिपेयर का काम जल्द से जल्द पूरा करने अधिकारियों को निर्देशित किए।

ज्ञात हो कि गुरूवार 28 मई को लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने जिले के प्रवास के दौरान सड़कों और भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जांजगीर विश्राम गृह में हुई बैठक में अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों के जल्द निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर काम शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे,लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी बैठक में मौजूद थे। उन्होंने बरसात से पहले सड़कों में पेच रिपेयर का काम पूरा करने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का परीक्षण कर हर महीने भुगतान करने के भी निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बैठक में सक्ती के नया जिला बन जाने के बाद काम की सहूलियत और प्रशासनिक कसावट की दृष्टि से विभाग के पुराने संभागों का पुनर्गठन कर जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले में दो-दो संभाग रखने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 और पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्यों की प्राथमिकता सूची तैयार कर 31 जुलाई तक प्राक्कलन भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा से पीछे चल रहे कार्यों की जानकारी लेकर उनके कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने पामगढ़-डोंगाकोहरौद सड़क को प्राथमिकता में रखकर काम शुरू कराने के निर्देश दिए। श्री बंसल ने जांजगीर कलेक्टोरेट भवन के कार्यों में तेजी लाते हुए जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रस्तावित द्रुतगामी सड़कों के प्राक्कलन 30 जून तक भेजने को कहा। उन्होंने काम में ढिलाई करने वाले ठेकेदारों पर सख्ती करते हुए नियमानुसार ब्लैक-लिस्टेड और टर्मिनेट करने की कार्रवाई के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता भी आर.के. रात्रे और जी.एस. मंडावी, अधीक्षण अभियंता के.पी. संत, एन.के. लाल और जे.पी. तिग्गा सहित जांजगीर-चांपा और सक्ती के कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।



कार्यो की समीक्षा लेते लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री बंसल।

# हर्षोल्लास के साथ मना भाईचारे का पर्व ईद उल अजहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुसलमानों का पवित्र त्यौहार ईद-उल-अज़हा (बकरीद) नगर एवं आसपास क्षेत्र में आपसी प्रेम, सौहार्द एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जांजगीर स्थित ईदगाह में सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर ईद की विशेष नमाज़ अदा की तथा प्रदेश, नगर और जिले में अमन, शांति, खुशहाली एवं तरक्की के लिए दुआ मांगी।

नमाज़ अदा करने के पश्चात मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचकर अपने दिवंगत पूर्वजों की कब्रों पर इबादत कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया तथा उनके लिए दुआएं कीं। इस अवसर पर समाज के अन्य वर्गों के लोगों ने भी मुस्लिम समाज के भाइयों को ईद-उल-अज़हा (बकरीद) की मुबारकबाद देते हुए आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। इसी कड़ी में कांग्रेसजन विधायक ब्यास कश्यप के साथ ईदगाह पहुंचे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अंजुमन कमेटी के रफीक सिद्दीकी रफीक खान राजा बाबू पप्पू खान खुड्डूस खान वार्ड पार्षद अरमान खान पूर्व पार्षद अशरफ खान राजा सिद्दीकी राजा खान सहित अन्य उपस्थित थे।



ईद की एक दूसरे को बधाई देते समाज के लोग

### त्याग, समर्पण का संदेश देता है ईद उल अजहा

**अकलतरा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। अकलतरा जामा मस्जिद के इमाम हज़रत सलामत नूरी ने अपने प्रवचन में बताया कि उर्दू माह की 10वीं तारीख को मनाया जाने वाला यह पर्व मुसलमानों का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है, जिसे आमतौर पर बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार त्याग, समर्पण और कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईद-ए-कुर्बानी केवल जानवर की कुर्बानी तक सीमित नहीं है, बल्कि इंसान को अपने भीतर की बुराइयों जैसे किना, कपट, लालच, हसद और जलन को त्यागने की सीख भी देता है। हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन एवं मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इमरान ने बताया कि इसी समय दुनिया भर के मुसलमान मक्का और मदीना में पवित्र हज यात्रा कर रहे होते हैं। अकलतरा के शाही ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 8 बजे अदा की गई। नमाज के बाद देश, प्रदेश एवं क्षेत्र में अमन-चैन और शांति के लिए दुआ मांगी गई तथा लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। अकलतरा क्षेत्र सहित रेमंड, जांजगीर मोड़, पोड़ी दल्हा, जयरामनगर, कोटमी सोनार, जेएसडब्ल्यू प्लांट एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शाही ईदगाह पहुंचे।

# वार्षिक शिविर में जिले से एनसीसी के 50 कैडेट हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ बटालियन कोरबा के तत्वाधान में संयुक्त वार्षिक शिविर 10 से 19 मई तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के प्रांगण में आयोजित किया गया।

इस शिविर में कोरबा, जांजगीर-चांपा ,सूरजपुर जिले के लगभग 600 कैडेट्स तथा एनसीसी अधिकारी एवं सैन्य अधिकारी सम्मिलित हुए। कैंप कमांडेंट कर्नल सेंथिल कुमार एस ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करनी चाहिए। ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के एनसीसी द्वितीय अधिकारी माया तिवारी के सभी कैडेट्स ने पॉइंट 22 राइफल एवं 7.62 एम. ए. एस.एल.आर. की हैंडलिंग एवं खोलना जोड़ना सीखा कैंप में ड्रिल एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ड्रिल की प्रतियोगिता में कैडेट्स सार्जेंट मेजर धानी चौहान को बेस्ट कमान के लिए मेडल दिया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में सार्जेंट मोहित मानिकपुरी ने प्रथम स्थान एवं कैडेट नंदनी सूर्यवंशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल प्राप्त किया। कैडेट्स ने रस्साकसी और 3 लेग्स दौड़ में भी हिस्सा लेकर मेडल प्राप्त किया। कैंप में फायर फाइटिंग ,साइबर क्राइम ,सेल्फ डिफेंस, ट्रैफिक कंट्रोल की जानकारी समस्त कैडेट्स को प्रदान की गई। ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के कैडेट्स सार्जेंट मेजर धानी चौहान और उसके ट्रुप को बेस्ट ट्रूप का ट्रॉफी प्रदान किया गया। अपने कैंप के समापन पर उद्धबोधन करते हुए कैम्प कमांडेंट कर्नल सेंथिल कुमार एस एवं डिप्टी कमांडेंट कर्नल अमित यादव ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर सभी कैडेट्स को बधाई दी।



# डोंगरगढ़ वुशु प्रतियोगिता में सिवनी ने जीता ओव्हरऑल चैम्पियन का खिताब

**बहेराडीह।** डोंगरगढ़ में 20 से 24 मई तक आयोजित 17वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में जांजगीर-चांपा जिले के सिवनी ग्राम के खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया है। ताउलु ग्रुप इवेंट के जूनियर और सीनियर, दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।

इस बार प्रतियोगिता में पूरे जिले से कुल 39 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमें मलय धीवर, रियांश देवांगन, गरिमा पाण्डेय, दीप्ति महंत, गुंजन श्रीवास, यशस्वी पाण्डेय, कुनाल राठौर, ममता देवांगन, शुभम जायसवाल, काव्या श्रीवाश, देव महंत, पूनम महंत, दीपाली सिदार, रितिका सिंह, गुलाब यादव, प्रीतम महंत, केशव बरेठ, रूपेश यादव, कामना गोस्वामी, जय दुबे, भूमिका देवांगन, शिवा बरेठ, भूमी देवांगन, श्रुति सोनी ग्राम सिवनी से हैं, तथा लौकिक लदेर, सीनू , प्रतीक कैवर्त, कबीर साहू, अंश कंवर, दिव्यांशिका पाल, मृदु जांगड़े, लक्ष्य लदेर, हर्षित पाल, निधि रात्रे, कविता खूंटे, अनुष्का बंजारे, जयदीप महिलांगे जांजगीर से हैं।इसी प्रतियोगिता में हमारे गाँव के फाइटर्स ने प्रतियोगिता में 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। इस बेमिसाल प्रदर्शन की बदौलत कुल 28 गोल्ड, 6 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल के साथ प्रदेश में सर्वाधिक मेडल जीतकर जांजगीर-चांपा जिले ने 'ओवरऑल स्टेट चैंपियन' की ट्रॉफी भी अपने नाम कर ली है।



# करही गोलीकांड में मृतक के पीड़ित परिवार से मिले पूर्व सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम करही के गोली कांड में मृतक स्व आयुष कुमार कश्यप के परिजनों से 27 मई दिन बुधवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम करही निवास स्थान पहुंचकर सर्वप्रथम मृतक आयुष कुमार कश्यप के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना प्रकट किए। परिवार जनों के भावुक होने पर ढांढस बंधाया।

ग्राम पंचायत करही में बीते 23 अप्रैल के मध्य रात्रि में घटित चर्चित गोली कांड में तीन नकाबपोश बंदूक धारियों के द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं व्यापारी सम्मे लाल कश्यप के बड़े बेटा आयुष कुमार कश्यप की निर्मम हत्या कर दी गई। और छोटा बेटा आशुतोष कश्यप को गोली मार कर घायल कर दिया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के हैदराबाद ट्रेनिंग से आते ही मामला को सुलझा लिया गया है। पुलिस के द्वारा तीन बंदूकधारियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया। मुख्य आरोपी मानकर उसको भी गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। मामले को लेकर मृतक के पिता ने पूर्व सीएम से चर्चा की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती के जिला अध्यक्ष रश्मि गबेल, जांजगीर विधायक ब्यास कश्यप बालेश्वर साहू जैजैपुर, रामकुमार यादव चंद्रपुर, नारायण प्रसाद गबेल, पूर्व विधायक चैन सिंह सामले, कुशल कश्यप, मधुसूदन साहू, राइस किंग खूंटे, अभिषेक स्वर्णकार, संतोष कश्यप, इस्माइल खान, भोजराम हरबंस, शिव कुमार साहू ,गणेश राम मांझी, लोकेंद्र कुमार कश्यप आदि के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।



### मल्दा में सुशासन तिहार एवं समस्या निवारण शिविर आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के शासकीय हाई स्कूल में 29 मई दिन शुक्रवार को सुशासन तिहार मनाया जाएगा। सुशासन तिहार में जन समस्या निवारण शिविर में आम जनों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र वितरण भी किया जाएगा। क्षेत्र के ग्रामीणों से सुशासन तिहार जन समस्या निवारण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर समस्या का निराकरण कराने का आग्रह किया गया है। बताया जाता है कि सुशासन तिहार में जन समस्या निवारण शिविर में आम जनों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाएगा।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य पद पर आवेदन आज

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक आमंत्रित है।







